डालते हैं। ये पशुओं की बोलियों की नकल करने में भी दक्ष होते हैं। सामान्यतः Bushman शिकार पर किसी सम्बंधी के साथ ही जाते हैं।

आखेट के अलावा Bushman में स्त्रीयाँ संग्रहण का कार्य भी करती हैं। ये कन्दमूल, बेर, तरबूज आदि फलों के साथ-साथ कीड़े-मकोड़े, छिपकली, कछुए आदि भी संग्रहित करते हैं।

(vii) भोजन (FOOD) :- Bushman लोग सर्वाहारी होते हैं। ये आखेट से प्राप्त मांस, मछली के अलावा संग्रहित फल, शहद, छोटे-मोटे किड़े मकोड़े आदि को भोजन के रूप में ग्रहण करते हैं। भोजन उपलब्ध होने पर ये खूब जमकर खाते हैं, परन्तु इसके अभाव में ये कई-कई दिन भूखे रहते हैं। Bushman प्रायः मांस को कच्चा या खुली आग में भून कर खाते हैं। एक विशेष प्रकार के तरबूज 'सामा' से इन्हें भोजन व जल की प्राप्ती होती है।

(viii) वस्त्र (CLOTHES) :- अत्याधिक गर्मी के कारण ये लोग वस्त्रों का कम ही प्रयोग करते हैं। पुरुष सामान्यतः चमड़े की लंगोट पहनते हैं। तथा स्त्रियाँ चमड़े के वस्त्र पहनती हैं जो कमर से पैर तक लटका रहता है। साथ ही करोस नामक वस्त्र पहनती हैं जो कंधे से कमर तक कसा जाता है। ये लोग कभी स्नान नहीं करते हैं किन्तु धूप तथा मच्छरों से बचने के लिए शरीर पर चर्बी मिली हुई लाल या सफेद मिट्टी का लेप लगाते हैं।

(ix) आवास (SHELTER) :- Bushman एक घुमक्कड़ जाति है अतः इसका कोई निश्चित आवास नहीं

होता है। मौसम की कठोरता से खुद को बचाने के लिए ये लोग गुफाओं या कन्दराओं में शरण लेते हैं।

(x) सामाजिक स्थिति (SOCIAL COUNDLTIONS) :- इनके सामाजिक संगठन में छोटे छोटे दल होते हैं जो सामान्यतः रक्त या विवाह द्वारा सम्बद्ध होते हैं। एक दल में 20-100 तक लोग पाए जाते हैं। एक दल में कई परिवार होते हैं और इनमें नेतागिरी की प्रणाली नहीं होती है। प्रत्येक दल अपने अधिकार क्षेत्र में शिकार करता है अगर कभी ये घायल जानवरों का पीछा करते समय या भूल से दूसरे दल के क्षेत्र में चले जाते हैं तो उन्हें सम्बंधित क्षेत्र से शिकार लौटना पड़ता है।

Bushman लोग super natural powers में गहरा विश्वास रखते हैं। आखेट में सफलता प्राप्त करने के लिए जादूटोने का प्रयोग किया जाता है। जिस जन्तु का शिकार करना होता है उसी जाति के जन्तु के मांस की राख को मुख पर या शरीर पर मल कर जाने पे आखेट में सफलता मिलती है। ऐसा इनका विश्वास होता है।

(xi) आधुनिक स्थिति (RECENT CONDLTIONS) :- आधुनिक समय समाज के सम्पर्क में आने से इनके जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन आया है। मुख्यतः आखेटक ये लोग अब कृषि, खनन, यातायात व अन्य सेवाओं में मजदूरी करने लगे हैं। किन्तु ऐसे लोगों की संख्या अत्यंत कम है। मूल स्थिति अभी भी यथावत है।

निष्कर्षतः एक बात कही जा

Scanned with CamScanner

सकती है कि Bushman लोगों ने आश्चर्य जनक ढंग से अपने प्राकृतिक पर्यावरण के साथ समायोजन कर रखा है। Bushman की जीवन शैली भौतिक पर्यावरण से मनुष्य की सांकेतिक सम्बंध का एक विशिष्ट उदाहरण है।



Scanned with CamScanner